# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026


## बूंदी मे खाद्य सुरक्षा अभियान की समीक्षा बैठक, मंत्री सुमित गोदारा ने दिए जिला स्तर पर व्यापक अभियान चलाने के निर्देश।


Publisher

Published on 12 Jun 2025





# राजस्थान मे खाद्य सुरक्षा योजना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सुमित गोदारा का निर्देश – 'ग्राम स्तर पर चलाएं विशेष अभियान', बूंदी मे संमीक्षा बैठक संपन्न।

सवांदाता,बूंदी,राजस्थान

**बूंदी, राजस्थान, 12 जून 2025:** राजस्थान के **खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री सुमित गोदारा** ने बुधवार को बूंदी जिले में "**गिव अप अभियान**" और **नए लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा योजना** से जोड़ने की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि **राज्य की खाद्य सुरक्षा योजना** के अंतर्गत **पात्र लेकिन वंचित परिवारों** को प्राथमिकता के साथ योजना में शामिल किया जाए।

**ग्राम स्तर तक अभियान की जरूरत : मंत्री गोदारा**

**मंत्री श्री गोदारा** ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि **राज्य मे कोंई भी पात्र नागरिक खाद्य सुरक्षा से वंचित न रह** जाए। इसके लिए उन्होंने जिला स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा, "उपखंड अधिकारियों, विकास अधिकारियों, ग्राम विकास अधिकारियों और पटवारियों की सहभागिता से एक समर्पित अभियान चलाकर खाद्य सुरक्षा योजना को जमीनी स्तर तक पहुँचाया जाए।"

### गिव अप अभियान को लेकर भी निर्देश

मंत्री ने "**गिव अप राशन कार्ड**" अभियान की भी समीक्षा की, जिसके तहत आर्थिक रूप से सक्षम लोग स्वेच्छा से अपना राशन कार्ड छोड़ते हैं ताकि जरूरतमंदों को योजना में जगह दी जा सके।

उन्होंने कहा, "यह अभियान न सिर्फ सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल है, बल्कि यह राज्य के गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए एक राहत की पहल है। जो लोग सक्षम हैं, वे अपना राशन कार्ड त्याग कर किसी जरूरतमंद को मदद पहुंचा सकते हैं।"

### CM भजनलाल शर्मा का विज़न – 'हर घर खुशहाली'

राजस्थान के मुख्यमंत्री **श्री.भजनलाल शर्मा** की "**हर घर खुशहाली**" की सोच के अंतर्गत प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शी और प्रभावी तरीके से लागू करने पर बल दिया जा रहा है। मंत्री गोदारा ने मुख्यमंत्री के अभियान को सफल बनाने में प्रशासनिक सहभागिता को अहम बताया।

### बूंदी मे अंब तक की उपलब्धियां

बूंदी जिले में अब तक **3,500 से अधिक** नए पात्र लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा योजना में जोड़ा गया है।

"**गिव अप अभियान**" के तहत 800 से अधिक परिवारों ने स्वेच्छा से राशन कार्ड छोड़ा। **ग्राम पंचायत स्तर पर 90% सत्यापन** कार्य पूर्ण किया गया है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.